# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

**मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)**

कोसाबाडी जोन

फा.क्र./1334, 1335 एवं 1337/निर्माण (कोसाबाडी जोन)/2023/ कोरबा, दिनांक 20.07.2023

## द्वितीय निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित **PWD Building & Road SOR 01.01.2015** से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि–लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :–

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि – 10.08.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि – 10.08.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रु में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 31 खरमोरा सुनील यादव के घर से माहेश्वरी घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली का निर्माण कार्य। **(अधोसरचना मद 15 करोड़)** | 12,00,000/- | 9,000 /- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 10.08.2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 32 रिस्दी में संजय बरेठ के घर से आर.पी.साहू के घर तक सी.सी.रोड एवं नाली का निर्माण कार्य। **(अधोसरचना मद 15 करोड़)** | 12,00,000/- | 9,000 /- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 10.08.2023 |
| 3 | वार्ड क्र. 31 अंतर्गत जानकी भुवन राठौर घर से खरमोरा मेन रोड स्कूल मार्ग तक कव्हर्ड नाली निर्माण कार्य। **(अधोसरचना मद 15 करोड़)** | 2,00,000/- | 2,000 /- | 300/- | Form-A | 02 माह | सक्षम श्रेणी | 10.08.2023 |

निविदा की शर्तें:–

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरों का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी।
2. निविदा के दस्तावेज हाथो–हाथ न लिया जाकर रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट से प्राप्त किया जावेगा। अन्य माध्यमों यथा कोरियर सर्विस, साधारण डाक इत्यादि से प्राप्त अथवा समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा **आयुक्त, नगर पालिक निगम, आई.टी.आई. चौक साकेत भवन, जिला–कोरबा (छ.ग.) पिन नं.–495677** के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 3:00 के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
3. निविदा प्रपत्र नगर पालिक निगम, कोरबा के वेबसाईट **www.korbamunicipal.in/uad.cg.gov.in** डाउनलोड किया जाकर नवीन निविदा प्रपत्र **Form - A/B/ABC** (जारी दिनॉक तक समस्त संशोधनों के साथ) निर्धारित शुल्क की डीडी के साथ संबंधित कार्य का नाम पूर्ण विवरण सहित भरकर भेजना होगा।
4. निविदा प्रपत्र त्रि–लिफाफा पद्धति से मान्य किया जावेगा जो निम्नानुसार होगा:–
   - (अ) प्रथम लिफाफा में ठेकेदार का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र, आयकर चुकता प्रमाण पत्र, निविदा सूचना आमंत्रण में उल्लेखित अन्य दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क का डीडी, **निविदाओं में निविदाकार को फिजिकल दस्तावेज के साथ निविदा सूचना जारी होने के पश्चात् दिनांक का शपथ पत्र जिसमें संबंधित कार्य का नाम एवं कार्य की निविदा क्रमांक अंकित हो प्रेषित करना अनिवार्य होगा** एवं अमानत राशि का टी.डी.आर./एफ.डी.आर. जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा के नाम पर देय होगा प्रस्तुत करना होगा।
   - (ब) द्वितीय लिफाफा में ठेकेदार द्वारा भरा हुआ निविदा प्रपत्र होगा।
   - (स) तृतीय लिफाफा में उपरोक्त दोनो लिफाफे होगी तथा आवश्यकता पड़ने पर मूल अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।
5. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।

क्रमशः..............03

6. निविदा हेतु इच्छुक ठेकेदारों को उचित वर्ग में पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकरी पिछले वित्तीय वर्ष का **आयकर चुकता प्रमाणपत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. (जीवित) पंजीयन एवं प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन,कर्मचारी, राज्य बीमा निगम रायपुर से पंजीयन एवं** विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) हस्ताक्षरयुक्त निर्धारित प्रारूप में निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका क्र. 04 के अनुरूप लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. कार्य हेतु लिफाफे पर कार्य का नाम निविदा आमंत्रण सूचना कमॉक, निविदा खुलने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखकर भेजना होगा।
8. निविदाकार का यह दायित्व है कि वे निविदा भरने के पूर्व स्थल का स्वयं निरीक्षण कर लेवें ताकि प्रारंभ करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।निर्धारित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित कंडिकाएँ स्वमेव लागू मानी जावेगी एवं निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग माना जावेगा।
9. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र, निविदा प्रपत्र शुल्क, अमानत राशि, निविदा आमंत्रण सूचना पत्र में उल्लेखित दस्तावेज सही पाए जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
10. ठेकेदार को अपनी दरें शब्दों एवं अंको में लिखना अनिवार्य होगा।
11. शासन के विभिन्न विभागों जैसेः— खजिन विभाग, श्रम विभाग, समाज कल्याण विभाग इत्यादि विभागों द्वारा समय—समय पर जारी निर्देशों/आदेशों के पालन की समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी।
12. ठेकेदार यदि कार्य को अपूर्ण स्थिति में छोड़ता है तो निविदा प्रपत्र में उल्लेख अनुसार इस संबंध में प्रावधान के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।
13. कार्य प्रारंभ नहीं करने अथवा अपूर्ण स्थिति में छोड़ने पर निगम द्वारा ठेकेदार के विरूद्ध तत् समय में एम.आई. सी. द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव के अधीन कार्यवाही की जावेगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी ठेकेदार की होगी।
14. सफल निविदा दाता से अनुबंध के समय अतिरिक्त परफार्मेंस राशि जमा कराई जावेगी जबकि निविदा की दरों में काफी कमी हो जैसे निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत से 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर होने पर सफल निविदादाता को निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90 प्रतिशत अंतर की राशि के समतुल्य परफार्मेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर./टी.डी.आर. ऑफिस अथवा टाईम डिपॉजिट जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा के नाम से देय होगा, जो मांग तिथि से **15 दिवस** के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि को जमा न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जावेगी।
15. सम्पूर्ण किये गये कार्यो के **लिये 5 प्रतिशत की दर से सुरक्षा निधि मद में राशि रनिंग देयकों** से 01 वर्ष की अविध हेतु साथ ही 05 प्रतिशत पृथक से 03 वर्ष की गारन्टी के लिए परफार्मेश सिक्यूरिटी के रूप में रोकी जावेगी।
16. निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का **1 प्रतिशत उपकर** के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
17. निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूल प्रति में वैध शपथ पत्र **राशि रू. 100/— नॉन ज्यूडिशियल स्टॅाम्प पेपर पर** कंडिका क्र. 04 के प्रथम लिफाफा (अ) में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
18. ईंट से संबंधित निर्माण कार्यो में फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
19. निविदा प्रपत्र अहस्तांतरणीय होगा एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
20. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति में आयुक्त के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।
21. निविदा प्रपत्र **Form-A** के क्लॉज नम्बर—11 अनुसार एस्केलेशन देय नहीं होगा।
22. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
23. निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने पर आगामी तिथि (कार्य दिवस) को निविदा संबंधी कार्यवाही मानी जावेगी।

**नोटः—**

1. अमानत राशि के रूप में एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अथवा नगद जमा रसीद पृथक से लिफाफे में स्वीकार किए जावेंगे आयुक्त, नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय हो।
2. उपरोक्त तिथियों में किसी भी तिथि को शासकीय/स्थानीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निर्धारित तिथि समय एवं स्थान माना जावे।

**प्रतिलिपि :— प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को Uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।**

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

(ठेकेदार के हस्ताक्षर)

नाम ..............................

पूर्ण पता ..............................

..............................

मोबाईल नं.— ..............................

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, KORBA ( C.G.)

## ABSTRACT

**Name of Work** : **CONSTRUCTION OF CC ROAD AND DRAIN FROM SANJAY BARETH HOUSE TO R.P. SAHU HOUSE RISHDI AT WARD NO-32**

**As per SOR** : SCHEDULE OF RATES PUBLIC WORKS DEPARTMENT [PWD BUILDING-01.01.2015]

| S.N | REF | ITEM DESCRIPTION | UNIT | QTY | RATE | AMOUNT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1.1 | Excavation for all types and sizes of foundations, trenches and drains or for any other purpose including disposal of excavated stuff upto 1.5 m lift and lead upto 50m (at least 5m away from the excavated area), including dressing and leveling of pits. | | | | |
| | 1.1 | In all types of soils. | cum | 330.40 | 185.00 | 61,124.00 |
| 2 | 1.17 | Filling from available excavated stuff (Excluding rock) in trenches, plinth, sides of foundation etc. in layers not exceeding 20cm in depth consolidating each deposited layer by ramming and watering with a lead upto 50 M. and lift upto 1.5 M. | cum | 55.20 | 65.00 | 3,588.00 |
| 3 | 1.26 | Carriage by mechanical transport upto 5 km lead: | | | | |
| | 26.1 | Earth | cum | 275.00 | 111.00 | 30,525.00 |
| 4 | 2.1 | Providing and fixing form work including centring, shuttering, strutting, staging, propping bracing etc. complete and including its removal at all levels, for: | | | | |
| | 1.1 | Foundations, footings, bases of columns plinth beam, curtain wall in any shape and size and all type of wall below plinth level. | sqm | 772.00 | 139.00 | 107,308.00 |
| 5 | 3.1 | Providing and laying nominal mix plain cement concrete with crushed stone aggregate using concrete mixer in all works upto plinth level excluding cost of form work. | | | | |
| | 1.2 | 1:4:8 (1 cement : 4 coarse sand : 8 graded stone aggregate 40mm nominal size). | cum | 66.80 | 2659.00 | 177,621.20 |
| | 1.5 | 1:1½:3 (1 cement : 1½ coarse sand : 3 graded stone aggregate 20mm nominal size). | cum | 45.00 | 4073.00 | 183,285.00 |
| 6 | 3.2 | Providing and laying nominal mix reinforced cement concrete with crushed stone aggregate using concrete mixer in all works upto plinth level excluding cost of form work. | | | | |
| | 2.1 | 1:1½:3 (1 cement : 1½ coarse sand : 3 graded stone aggregate 20mm nominal size). | cum | 91.40 | 4163.00 | 380,498.20 |
| 7 | 3.9 | Extra for precast PCC/ RCC work of any mix including form work, hoisting and fixing in Cement Mortar. 1:2 (1 Cement : 2 coarse sand) and finishing with cement plaster in Cement Mortar 1:3 (1 Cement : 3 coarse sand) but excluding reinforcement. | cum | 13.20 | 469.00 | 6,190.80 |
| 8 | 3.12 | Providing and placing in position reinforcement for R.C.C. work including straightening, cutting, bending, binding etc. complete as per drawings including cost of binding wire in foundation and plinth all complete: | | | | |
| | 12.2 | Thermo-Mechanically treated bars FE 500D | kg | 4570.00 | 54.50 | 249,065.00 |

**As per Estimate Amount Rs. 1199205.20**

say - 12,00,000/-

Sub Engineer
Nagar Palik Nigam,
Korba

Astt. Engineer
Nagar Palik Nigam,
Korba